तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025

13 अंचल में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा

14 शक्ति आराधना का महापर्व जयकारों...




B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# अक्षरधाम की थीम में सजा शिवरीनारायण का मां दुर्गा दरबार, भक्तों का उमड़ा सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में नवरात्र महोत्सव इस वर्ष अपनी भव्यता के नए शिखर पर है। नगर पंचायत के सामने शिवरीनारायण मेला मैदान में दिल्ली के प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर की थीम पर तैयार दुर्गा पंडाल श्रद्धालुओं का मुख्य आकर्षण बना हुआ है। कोलकाता के दक्ष कारीगरों द्वारा निर्मित यह वाटरप्रूफ डोमपंडाल अपनी रंग-बिरंगी लाइटिंग, झूमर, डेकोरेशन और डीजे साउंड सिस्टम के साथ भक्तों को दिव्य अनुभूति करा रहा है। इस बार माता रानी के दरबार में त्रिदेवी स्वरूप—मां दुर्गा (शेर पर), मां लक्ष्मी (उल्लू पर), और मां सरस्वती (हंस पर)—विराजमान हैं। भक्तगण ▸▸ शेष पेज 13 पर

### हर वर्ष एक अलग थीम पर होती है साज-सज्जा

ज्ञात हो कि प्रथम वर्ष 2023 में बाहुबली की थीम पर और दूसरे वर्ष वृंदावन की प्रेम मंदिर की थीम पर और वर्तमान 2025 में दिल्ली की अक्षर धाम मंदिर की थीम पर भव्य दरबार सुसज्जित है । अक्षर धाम मंदिर डिजाइन सबको आकर्षित कर रहा है सभी अपने स्मार्ट फोन में आनंद के पल को कैप्चर कर रहे है। वहीं मेला का आयोजन सुचारु रूप से नगर पंचायत परिषद संचालन कर रहा है। वहीं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है जहां परिसर में कैमरा लगाया गया है प्रशासनिक अधिकारी निरंतर निगरानी में लगे हुए है और आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों को दर्शन लाभ के लिए आग्रह किया है।

### दर्शन के साथ मिल रहे उपहार

श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष तीसरे आयोजन में भक्तों के लिए विशेष उपहारों की योजना बनाई गई है। रसीद शुल्क 501 निर्धारित किया गया है, जिसके तहत 2 कार, 7 बाइक, ई-बाइक समेत कई आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। यह व्यवस्था दर्शनार्थियों को भक्ति के साथ-साथ भाग्य आजमाने का अवसर भी प्रदान कर रही है। पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। नगर पंचायत परिषद द्वारा मेला आयोजन को सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## सौगात : आवास पूर्ण करने वाले 6 हितग्राहियों को सौंपी चाबी

# सीएम साय ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया महतारी सदन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार







मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को धमतरी जिले के ग्राम करेली बड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न जिलों में नवनिर्मित 51 महतारी सदन का लोकार्पण किया। जिसमें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 2 महतारी सदन शामिल है। इस कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को सुहेला में आयोजित कार्यक्रम में टीवी के माध्यम से देखा गया।

सुहेला में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 6 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की 11 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत राम पॉल, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**महिलाओं के लिए स्थायी मंच बना महतारी सदन:** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सुहेला में नवनिर्मित महतारी से अब समूह की महिलाओं को बैठक एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों में लोए स्थायी भवन उपलब्ध हो गया है। आगामी समय में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण होगा। हमारी सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण सर्वोपरि है। अब पंचायत में 50 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए सुरक्षित रहती है। राशन कार्ड भी महिलाओं के नाम पर बन रहा है।

कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत राम पॉल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा, खेम लाल साहु, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चौबे, सरपंच मोगरा बाई जनपद सीईओ अमित दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### हर पंचायत में बने महतारी सदन

कलेक्टर सोनी ने कहा कि प्रथम चरण में जिले में 8 महतारी सदन स्वीकृत हुआ है। जिसमें से 2 पूर्ण हो गया है और आज उनका लोकार्पण भी हुआ है शेष 6 महतारी सदन भी जल्द पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप महिला सशक्तिकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टु ईट निर्माण का कार्य भी समूह को दिया गया है। उन्होंने आदर्श पंचायत बनाने में भागीदारी निभाने के लिए सप्तरंगी सूत्र को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने स्व सहायता समूह के द्वारा उत्पादित सामग्रियों के विक्रय के लिए कार्यालयों में आपूर्ति कराने एवं सीमेंट प्लांट में बिहान सेंटर स्थापित करने कहा ताकि आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों तक उत्पाद की सुगम आपूर्ति हो सके।

# मवेशियों की तस्करी का फरार आरोपी रज्जावली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल



ग्राम नवागांव सोनाखान में मवेशियों की तस्करी के एक बड़े मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सैयद हुसैन अली उर्फ रज्जावली को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की सक्रियता और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से की गई इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अंजाम दिया गया।

■ अब तक कुल 6 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

9 सितंबर 2025 को सोनाखान पुलिस ने ग्राम नवागांव के पास चेकिंग के दौरान एक माजदा और एक 407 वाहन को रोका जिसमें कुल 21 नग मवेशी (भैंस एवं भैंसे) को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। इन मवेशियों को बिना पानी और चारे के रखा गया था जिससे उनकी जान को खतरा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) और छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धाराएं 4, 6, 10, 11 तथा बीएनएस की धारा 111 के तहत अपराध क्रमांक 585/2025 दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। गिरफ्तार किए गए प्रारंभिक 5 आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि मवेशियों को इन वाहनों के माध्यम से उड़ीसा के बटोराबाजार ले जाया जा रहा था जहां उनकी तस्करी की जानी थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सैयद हुसैन अली उर्फ रज्जावली (उम्र 39 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 10, ठक्कर बाबा, गुढियारी, रायपुर को गिरफ्तार किया।

### आरोपी ने स्वीकारा अपराध

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर मवेशियों को उड़ीसा ले जाने की योजना बनाई थी। पुलिस की सतर्कता साइबर सेल की तकनीकी मदद और संयुक्त प्रयासों से इस संगठित तस्करी रैकेट पर कड़ा प्रहार हुआ है। ग्रामीणों और पशु कल्याण संगठनों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

### 8 अपराधियों को एक वर्ष के लिए किया जिला बदर

बलौदाबाजार । कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 8 आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। देशानुसार कुंजराम अंजान पिता मन्नू अंजान निवासी करही बाजार, उदल प्रताप यादव पिता समारु राम यादव निवासी लटुवा, रितिक बंजारे उर्फ मनोज बंजारे पिता तुलसी राम बंजारे निवासी रवान, धनेश टंडन पिता सुरेश टंडन निवासी सेंदरी थाना भाटापारा, जवाहर लाल साहू पिता बेदराम साहू निवासी दर्रा चौकी गिरौदपुरी, श्रवण देवार पिता फागुराम देवार निवासी करमदा, ईश्वर गोंड पिता संतराम गोंड निवासी सेमरा भैंसामुड़ा, ऋषि पाटिल पिता मयाराम पाटिल निवासी सबरिया डेरा एवं ग्राम मोहतरा थाना गिधौरी को जिला बदर किया गया है।

# गिधौरी पुलिस पर युवक से बेरहमी से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

गिधौरी थाना क्षेत्र में पदस्थ पुलिसकर्मियों पर एक युवक से मारपीट और अवैध वसूली का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित जितेन्द्र गोंड ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, डीजीपी, रायपुर आईजी, बलौदाबाजार कलेक्टर और एसपी को लिखित शिकायत सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है।



जितेन्द्र का आरोप है कि 20 सितंबर की रात करीब 2:40 बजे वह हाईवा वाहन से रेत ले जा रहा था, तभी खनिज विभाग और पुलिस टीम ने गाड़ी रोककर मोटी रकम की मांग की। पैसे नहीं देने पर एएसआई तिलक ठाकुर और आरक्षक अमित राय उसे ढाबे में ले जाकर बेरहमी से पीटा। पीड़ित ने दावा किया है कि प्राइवेट पार्ट पर डंडा घुसाने जैसी अमानवीय हरकत भी की गई।

पीड़ित के शरीर पर गंभीर चोट के निशान हैं। उसने पूर्व में भी आरक्षक द्वारा उगाही का आरोप लगाया था। मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस पक्ष में आरक्षक अमित राय ने घटना को झूठा बताते हुए कहा कि रेत से जुड़ी कार्रवाई की गई थी, उल्टा गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की गई। थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे ने बताया कि शिकायत एसपी को मिली है, जांच अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

# महानदी में मछुआरे की डूबने से मौत, इलाके में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी



गिधौरी से महज दस किलोमीटर की दूरी पर ग्राम अमलडीहा महानदी में एक व्यक्ति की लाश तैरते हुए मंगलवार को सुबह 8:बजे के आसपास देखा गया | जहां इलाके में सनसनी फ़ैल गई। बिलाईगढ़ पुलिस को इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी जिसके बाद बिलाईगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है ।

बिलाईगढ़ थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम सिंघुल जिला जांजगीर-चांपा निवासी भरत लाल केवट पिता राजाराम केवट उम्र 47 वर्ष के रूप में हुआ है। मृतक मछली पकड़ने का कार्य करता था । प्राथमिक जांच में पता चला है की आज भी मछली पकड़ने के लिए अपने घर से मड़कड़ी की ओर निकला था इसी दौरान अमलडीहा के चौताल घाट में मछली पकड़ने के दौरान नदी के ▸▸ शेष पेज 13 पर

# 60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

राजादेवरी बलौदाबाजार जिले में नशे के खिलाफ जारी मुहिम के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना राजादेवरी पुलिस ने समाधान सेल में प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम चांदन से एक महिला शराब कोचिया को 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कुल कीमत लगभग 12,000 आंकी गई है, वहीं मौके से 500 की बिक्री रकम भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आम जनता की शिकायतों और अपराध से जुड़ी सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई हेतु जिले में "समाधान सेल" की स्थापना की गई है। यह योजना न केवल नागरिकों को अपनी बात सीधे पुलिस तक पहुँचाने ▸▸ शेष पेज 13 पर

### आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राजादेवरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम चांदन में सुरजो कानति बसोड (उम्र 51 वर्ष) के घर पर दबिश दी। आरोपी महिला को अवैध रूप से महुआ शराब बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान 60 लीटर कच्ची महुआ शराब (मूल्य 12,000) 500 नगद बिक्री की रकम जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना राजादेवरी में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया प्रचलित है।

## अभिमन्यु की वीरगति पर नम हुईं आंखें, संवादों पर गूंजती रहीं तालियां

# वीर अभिमन्यु नाटक की प्रस्तुति ने तोड़ा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा



आदर्श रामलीला नाटक मंडली नवरात्र के प्रथम दिवस से अपने 106वें वर्ष का आरंभ मुकुट एवं गणेश पूजन के साथ वीर अभिमन्यु नाटक के भव्य प्रस्तुति के साथ हुआ। वीर अभिमन्यु, कृष्ण, अर्जुन, द्रोणाचार्य एवं सात वीरो के दमदार संवाद और बेहतरिन अभिनय ने दशको का मनमोहा और खुब तालिया बटोरी। उत्तरा, सुभद्रा के अभिनय की काफि सराहना हुई । अभिमन्यु के वीरगति का दृष्य अत्यंत रोमाचित और मार्मिकता के साथ प्रस्तुत हुई जिसमें अभिमन्यु का रथ का पहिया उठाना, सातो वीरो का एक साथ तलवार और ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ 106वें वर्ष में प्रवेश के साथ आदर्श रामलीला मंडली ने रचा नया कीर्तिमान

### ये रहे उपस्थित

भगवान श्रीकृष्ण की आरती में ब्राम्हण समाज एवं राजपुत क्षत्रिय समाज से अपार जन समूह उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से अटल त्रिवेदी, हरगोपाल शर्मा, अजयकांत शुक्ला, मनीष शर्मा, महेश उपाध्याय, सुनील दुबे, संतोष पुरोहित, राधेश्याम शर्मा, विजय पांडे, धनंजय तिवारी, मनोज पांडे, ढाल सिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, विकास ठाकुर, संजय सिंह उपस्थित थे।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप



### कोलकाता विज्ञान अनुसंधान यात्रा के लिए निधि का हुआ चयन

कसडोल। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा निधि साहू को बड़ी सफलता मिला है। प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने इस सफलता के लिए खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हाल ही में डाइट रायपुर की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान अनुसंधान यात्रा क्विज में स्कूल की छात्रा निधि साहू ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें कोलकाता विज्ञान अनुसंधान यात्रा के लिए निधि साहू 12वीं का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल की छात्रा निधि साहू ने विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल की इस प्रतिभाशाली छात्रा का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान अनुसंधान यात्रा के लिए हुआ है।

### घिरघोल में आरु साहू स्टार नाइट का आयोजन

पलारी। ग्राम घिरघोल में आज नवयुवक संगठन समिति के तत्वावधान में आरु साहू स्टार नाइट कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, धीरज मिश्रा, सविता भीम यादव, जमवन्ति साहू, धन्नू साहू और हेमंत साहू शामिल होंगे। इस आयोजन की जानकारी पूर्व सरपंच हेमकुमार साहू ने दी।

### छग क्रांतिकारी शिक्षक संघ ब्लाक कार्यकारिणी का किया विस्तार



**पलारी।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कामता जांगड़े के मार्गदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष पलारी नंदकुमार साहू द्वारा ब्लॉक इकाई पलारी की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष पवन मांडले, सचिव जयप्रसाद जलसेद, सहसचिव नीलकंठ पटेल, कोषाध्यक्ष कोरनेलियूस तिग्गा, मीडिया प्रभारी तोरण मंडावी एवं प्रवक्ता मंतराम सागर आदि सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिया गया। सभी पदाधिकारियों द्वारा शिक्षको के हित में कार्य करने हेतु संकल्प लिया गया। उक्त कार्यक्रम में संगठन के जिला सचिव परस राम बंजारे, रुपनरायण ध्रुव, रेखा श्रीवास आदि शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### अज़ीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना को लेकर कलेक्टर हुए सक्रिय



बलौदाबाज़ार। जिले की ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं को अज़ीम प्रेमजी छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिलाने कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर संपर्क केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सोनी ने जिले की ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं को इस योजना का लाभ लेने की अपील भी की है। बैठक में जिले के अंतर्गत आने वाले शासकीय महाविद्यालयों और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को छात्रवृत्ति योजना की संपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि के रूप में उनके रिसोर्स पर्सन शेख़ अब्दुल वाहिद ने वीसी के माध्यम से योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज़ एवं लाभ की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को मिला छात्रों का साथ

## आईटीआई असनींद में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक चेतन सिंह ने दी प्रेरक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवससे शुरू सेवा पखवाड़ा, आदि कर्मयोगी अभियान और स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार जैसे जनकल्याणकारी अभियानों के अंतर्गत सोमवार को शासकीय आईटीआई असनींद में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष्मान आरोग्य केंद्र असनींद द्वारा आयोजित इस जागरूकता सत्र में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक चेतन सिंह ने विद्यार्थियों को महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नवाचार के माध्यम से जागरूकता का अभिनव प्रयास चेतन सिंह ने आईटीआई के संसाधनों का उपयोग करते हुए पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से एनिमिया, डायबिटीज, कुपोषण, मोटापा और जीवनशैली जनित रोगों पर अत्यंत सरल और व्यावहारिक भाषा में प्रकाश डाला। उन्होंने हास्य-परिहास के माध्यम से युवाओं को बताया कि भारत को 'कैपिटल ऑफ डायबिटीज' क्यों कहा जाता है। छात्र-छात्राओं ने लिया जीवन में बदलाव लाने का संकल्प बिजली गुल होने के बावजूद कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पूरे मनोयोग से सभी मुद्दों को सुना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया। बालिकाओं को खेल के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया गया और कार्यक्रम के अंत में नारी उत्थान और स्वास्थ्य जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

### प्राचार्य सहित शिक्षकों ने दिया सकारात्मक संदेश

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रशांत शेखर शुक्ला ने बताया कि परिवार को सशक्त बनाने के लिए महिला का स्वस्थ होना अत्यावश्यक है। अन्य शिक्षकों — बी. अग्निहोत्री, मनीषा कोशले और दामिनी पैंकरा — ने भी कार्यक्रम को प्रेरणादायक और उपयोगी बताया। उन्होंने बच्चों को इन जानकारियों को अपने जीवन में उतारने की सलाह दी।



### प्रधानमंत्री के आह्वान को जन-जन तक ले जाने का संकल्प

चेतन सिंह ने प्रधानमंत्री के उस आह्वान को भी दोहराया जिसमें उन्होंने समोसा-जलेबी जैसे तले खाद्य पदार्थों का सीमित सेवन करने और खाने के तेल के उपयोग को 10% कम करने की सलाह दी है। साथ ही विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे यह संदेश कम से कम 10 और लोगों तक पहुंचाएँ ताकि अभियान का प्रभाव और व्यापक हो।

## परेशानी : स्थानीय लोग परेशान, संक्रमण का है खतरा

# घरों का गंदा पानी बह रहा सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

गौरव पथ स्थित स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए बने आवासीय परिसर का सीवरेज सिस्टम का गंदा पानी गौरव पथ पर बह रहा जिससे सड़को पर आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही इसके साथ ही आस पास रह रहे नगरवासी बदबू से परेशान है है गंदगी को लेकर संक्रमण का भी खतरा बना हुआ है।

शहर में स्वच्छता व्यवस्था चिंताजनक हो गई है। पालिका सफाई के नाम पर लाखों खर्च करती है। लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों के आवासीय परिसर से निकलने वाला गंदा पानी नगर की स्वच्छता में ग्रहण लगा रहा है। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने कई बार पालिका से की है लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

**उचित सीवरेज सिस्टम नहीं बनाया:** स्वास्थ्य कर्मियों के लिए निर्माण किए गए आवासीय परिसर का ठेकेदार ने सीवरेज सिस्टम के लिए उचित व्यवस्था नहीं की जिसका नतीजा शहर वासियों को भुगतना पड़ रहा है। इसके साथ ही गौरव पथ के दोनों ओर बनी नालिया जाम हो चुकी है इस वजह से पानी नाली में पानी बहाना छोड़ सड़कों पहने लगती है। यह समस्या बरसात के दिनों में और भी विकराल हो जाती है।



### संक्रमण का बना है डर

आवासीय परिसर सीवरेज का आधा पानी ठहरा हुआ है तो वही सड़को में भी बह रहा है। ठहरे हुए गंदे पानी से मच्छर और जीवाणु पनप रहे हैं। इससे डेंगू, मलेरिया, हैजा और त्वचा रोग का खतरा बढ़ रहा है। गौरव पथ पर बहता गंदा पानी दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहा है। स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी होती है। कई लोग फिसलकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय निवासीयों ने समस्या का शीघ्र समाधान कर उचित व्यवस्था करने की शासन से गुहार लगाई है।

## एमिटी यूनिवर्सिटी ने मोहरेंगा स्कूल में किया जूता-मोजा वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

संकुल केंद्र मोहरेंगा अंतर्गत शासकीय नवीन शाला मोहरेंगा मे सामुदायिक सहभागिता के तहत एमिटी विश्वविद्यालय मांठ खरोरा प्रबंधन के पुष्पेंद्र सिंह, संजय कुमार पटेल और उज्वल शर्मा के सौजन्य से स्कूली बच्चों को जूता मोजा का वितरण यूनिवर्सिटी प्रबंधन, शाला प्रबंधन समिति मोहरेंगा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदना गीत शिक्षक जीवन कुर्रे के द्वारा कर की गई तत्पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों के द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल शूज़ मोजा का वितरण किया गया, जिसे प्राप्त कर सभी बच्चे खुशी से आनंदित हो गए। उपस्थित अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ लिख कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत तिल्दा सदस्य लेखु राम सेन, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णा धीवर, उपसरपंच कृष्ण कुमार कुर्रे, एस एम सी अध्यक्ष शेष नारायण यादव और गाँव के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे और अंत में यूनिवर्सिटी प्रबंधन टीम को शाला परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार् क्रम के सफल संचालन मे शाला के शिक्षक, रसोइया उत्तरा वर्मा, और अरुणा मानिकपूरी का विशेष सहयोग रहा।

## साहू समाज सिमगा के तीसरी बार अध्यक्ष बने कमलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

हरदेवलाल पारा सिमगा के साहू समाज भवन में आज मंगलवार को साहू समाज के नए पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में टीकाराम साहू, तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू, तहसील संरक्षक जीतराम साहू, की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह 12 बजे नामांकन दाखिल किया गया तथा 1 बजे से 3 बजे तक चुनाव संपन्न हुआ।

जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें उपस्थित समाज के लोगों ने लगातार तीसरी बार कमलेश साहू को सिमगा परिक्षेत्र के साहू समाज का अध्यक्ष निर्वाचित किया। वहीं अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष अमरनाथ साहू, महिला उपाध्यक्ष गीतांजली साहू, सह सचिव राजेंद्र साहू, महिला सह सचिव फ़गनी बाई साहू, सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। उक्त अवसर पर रितुराज साहू, बाबूलाल साहू, चंद्रशेखर साहू, घनश्याम साहू, विश्वानाथ साहू, मनहरण साहू, श्रवण साहू, आत्माराम साहू, हरीश साहू, एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## रोहांसी परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने उमाशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

तहसील साहू संघ पलारी के अंतर्गत रोहांसी परिक्षेत्र का चुनाव सम्पन्न हुआ। साहू भवन रोहांसी में सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई और शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न हो गया समाजजनों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कुल 122 मतदाताओं ने मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।

इस बार चुनाव में कुल पांच पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिनमें से तीन पद निर्विरोध रहे, जबकि अध्यक्ष और संगठन सचिव पदों पर मतदान हुआ। अध्यक्ष पद उमाशंकर साहू को सर्वाधिक 70 मत मिले और वे विजयी घोषित हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी सीताराम को 48 मत मिले, जबकि 04 मत निरस्त घोषित किए गए। उपाध्यक्ष पद पर महिला वर्ग से भूवनेश्वरी साहू और पुरुष उपाध्यक्ष सुनहर साहू निर्विरोध चुने गए। संगठन सचिव पुरुष पद पर यशपाल साहू ने जीत दर्ज की। महिला संगठन सचिव के लिए अंजली साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं।



## गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के लिए छात्रों को किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2025 विद्यार्थियों में भारतीय गौ माता के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने की एक अनूठी पहल है। इस परीक्षा का उद्देश्य युवाओं को परंपरा से जोड़ना और गौ वंश संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है। तिल्दा विकासखंड के नोडल अधिकारी डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने अडसेना, बरौंडा और मोहदी सहित कई विद्यालयों का दौरा कर विद्यार्थियों व शिक्षकों को परीक्षा में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है और वर्तमान पीढ़ी को इसके महत्व को समझने की आवश्यकता है।

यह परीक्षा तीन समूहों में होगी कक्षा 6 से 8 (ए ग्रुप), 9 से 12 (बी ग्रुप) और महाविद्यालय स्तर (सी ग्रुप)। परीक्षा 4 नवंबर को आयोजित होगी। राज्य स्तरीय विजेताओं को क्रमशः 51 हजार, 31 हजार और 21 हजार रुपये के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 3100, 2100 और 1100 रुपये दिए जाएंगे।



## कौशलपुर में किया गया 75 पौधों का रोपण

**सिमगा** । प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के आह्वान पर आज सिमगा विकासखंड के कौशलपुर मंडल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 75 पेड़ो का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हेम सिंह चौहान ने नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का जिक्र करते हुए देश को नई ऊंचाइयों में ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के अभियान एक पेड़ मां के नाम की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गये देश हित में अनेकों कार्य एवं योजनाओं के बारे में बताया। चौहान ने कहा कि अभी-अभी जीएसटी 2.0 इसका प्रमुख उदाहरण है जिसका लाभ हर वर्ग को फायदा होगा। उक्त मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष केजुराम बघेल, मंडल अध्यक्ष नारायण साहू, जिला महामंत्री किसान मोर्चा हेमसिंह चौहान, सरपंच संतोष साहू श्रीराम निषाद, जनपद सदस्य रिखी राम साहू, त्रिलोक कुर्रे, जनपद सदस्य लखन अग्रवाल, मंडल कोषाध्यक्ष नारायण पाल, वेद रामपाल, ब्रह्मानंद, ज्ञानानंद, दिलीप चक्रधारी, महामंत्री आत्माराम साहू, लोकेश साहू, संजय शर्मा, डोगेंद्र शर्मा, रूपेंद्र यदु, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।



## स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद को अपनाने लिया गया संकल्प

**बलौदाबाजार** । राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मंगलवार को आयुष विभाग द्वारा रन फॉर आयुर्वेदा का आयोजन किया गया। रन फॉर आयुर्वेदा प्रातः 7 बजे पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान से प्रारम्भ हुआ जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद अपनाने का संकल्प लिया गया। नगरपलिका अध्यक्ष अशोक जैन ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर आयुर्वेदा को रवाना किया।

दौड पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान से प्रारम्भ होकर, तहसील कार्यालय, गार्डन चौक, बस स्टैंड होते हुए गौरव पथ एवं पुनः स्कूल मैदान मे समापन हुआ। बताया गया कि रन फॉर आयुर्वेदा का उद्देश्य आयुर्वेद की शक्तियों और समग्र स्वास्थ्य सिद्धांतो के बारे में जन-जागरूकता लाना है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को आकार देने सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से आयुर्वेद विश्वास बढ़ाने रोग से अरोग्यता की अवधारणा को सशक्त बनाने तथा आयुर्वेद को वैश्विक स्वास्थ्य पटल पर स्थापित करने जैसे लक्ष्य शामिल है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर द्वय सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, एससडीएम प्रकाश कोरी, जिला आयुर्वेद अधिकारी गोदावरी पैकरा सहित अन्य अधिकारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## लोगों की सुनी समस्याएं, बच्चों को किया प्रोत्साहित

# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय व स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को तहसील कार्यालय सुहेला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एवं पीएम श्री स्कूल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कॉज लिस्ट एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली एवं प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसील कार्यालय में संचालित लोक सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया और संचालक को टेबल पर नेम प्लेट लगाने, आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि अपूर्ण दस्तावेज के कारण आवेदन निरस्त नहीं होने चाहिए। उन्होंने सुहेला में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया और साफ सफाई एवं बाउंड्री के लिए फेंसिंग कराने के निर्देश दिये।

**कलेक्टर ने बच्चों को किया प्रोत्साहित:** कलेक्टर सोनी ने सुहेला स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एवं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से मध्यान्ह भोजन एवं पढ़ाई के सम्बन्ध में पूछताछ कर जानकारी ली। इसके साथ ही कुछ छात्रों से पहाड़ा पूछकर उनके ज्ञान को परखा। उन्होंने छात्रों को लगन से पढ़ाई कर उच्च पदों पर जाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूह की महिलाओं से भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला अध्यक्ष आनंद यादव, तहसीलदार किशोर वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## गौ माताओं पर अमानवीय अत्याचार, प्रशासन मौन

**हथबंद।** बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत डिग्गी खपरी में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां 30 से अधिक गौमाताओं के पैरों में मोटी तार बेरहमी से कसकर बांध दिए गए, जिससे उनके पैरों में गहरे घाव हो गए। कई गायों की हड्डियाँ बाहर निकल आईं और खुले घावों में कीड़े तक पड़ गए, लेकिन पंचायत और प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। गांव में कई दिनों से यह अमानवीय कृत्य जारी रहा। गायें दर्द में तड़पती रहीं, पर समाज और जिम्मेदार लोग मौन बने रहे। जब यह मामला बजरंग दल कार्यकर्ताओं तक पहुंचा तो वे मौके पर पहुंचे और स्थिति देखकर आक्रोशित हो उठे। पंचायत सचिव से जवाब मांगा गया, पर उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इस घटना ने गौ संरक्षण कानून और शासन की योजनाओं की हकीकत उजागर कर दी है। न तो पंचायत ने पहल की और न ही पशु चिकित्सा विभाग ने घायलों का उपचार सुनिश्चित किया। बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं हुई और घायल गौमाताओं का इलाज तत्काल शुरू नहीं किया गया।



## खबर संक्षेप



### अल्ट्राटेक कुकुरदी में स्वच्छता पखवाड़ा

बलौदाबाजार। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट संयंत्र में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना रहा। इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के निर्देशन और माईंस प्रमुख अभिषेक भारद्वाज व एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल, माईंस और सीएसआर विभाग की संयुक्त भागीदारी रही।

### बाढ़ से निपटने काल्पनिक अभ्यास कल

बलौदाबाजार । भारत सरकार राष्ट्रीय अपादा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाढ़ बचाव प्रशिक्षण हेतु जिला स्तर पर काल्पनिक अभ्यास 25 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। यह अभ्यास बालसमुंद जलाशय पलारी एवं जिला अस्पताल परिसर स्थित मातृ शिशु अस्पताल में प्रातः 9 बजे से होग़ा। यह मोक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उदेश्य से आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास के दौरान शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की घबराहट से बचने की सलाह दी गई है।

### कोसमसरा में चला स्वच्छता अभियान




**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी ने ग्राम पंचायत सुहेला में महतारी सदन उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थितों को स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों को स्वच्छता को अपने प्रतिदिन के व्यवहार में लाने कहा।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल उपस्थित थे। साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत कसडोल जनपद के ग्राम कोसमसरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नाडेप टैंक की साफ-सफाई करते हुए अजैविक कचरे को अलग किया गया एवं स्वच्छता शपथ लेकर इस अभियान को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का भ्रमण किया गया।

### टूर द बलौदा साइक्लोथॉन में 924 प्रतिभागियों ने किया पंजीयन

**बलौदाबाजार** । विश्व पर्यटन दिवस और छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले टूर द बलौदाबाज़ार साइक्लोथॉन में देश भर के 924 लोगों ने पंजीयन किया है। यह आयोजन आगामी 28 सितंबर को किया जा रहा है। जिला प्रशासन आयोजन की तैयारियों में जुटा हुआ है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि यह आयोजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जिले में पर्यटन की संभावनाओं को पोषित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि सिर्फ़ छत्तीसगढ़ नहीं बल्कि देशभर के साइकिलिस्ट इस आयोजन का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं।

## मनमोहक मां आदि शक्ति की मूर्तियां


लवन। मंदिर चौक लवन ।


लवन। बाजार चौक लवन।


लवन। पुराना तहसील चौक लवन।


लवन। अहिल्दा रोड लवन


लवन। बस स्टैंड लवन

### रामायण झांकी का आयोजन बना आस्था का केंद

# पंडालों में विधि विधान से विराजीं मां दुर्गा, ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

शारदीय नवरात्रि पर्व शुरु दुर्गा माता का पूजा अर्चना कर दुर्गा माता का प्रतिमा स्थापित किया गया है और ज्योत प्रज्वलित किया गया हैं। घटस्थापना शुरू मां जगदंबा भवानी का प्रतिमा स्थापित किया गया। गांव का नवयुवक दुर्गोत्सव समिति ने अपनी तैयारियां पूरा कर लिया गया है। और महामाया मंदिर परिसर में घटस्थापना किया जाएगा भक्तों ने आस्था के साथ ज्योत प्रज्वलित किया गया है। अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए ज्योत प्रज्वलित किया गया है भक्तों ने अपनी आस्था के साथ माता के नाम उपवास रहेगा। जगह जगह में विराजेंगे जगत जननी दुर्गा का मूर्ति स्थापित किया गया।




पूरे नवरात्रि पर्व त्यौहार में धर्म कर्म महौल बना रहेगा। दुर्गा माता का पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापित किया गया है। माता के दरबार में जसगीत रामायण झांकी का आयोजन रखा गया हैं। माता के दरबार को आकर्षण केंद्र बना हुआ है। पूरे नवरात्र में माता का दरबार में विभिन्न प्रकार का आयोजन किया जाएगा। माता के दरबार में सुबह और शाम को महाआरती में भक्तो ने बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। माता ने नौ रूप में अलग अलग दिन रूप लेकर आएगा। दुर्गा माता के दरबार में संध्या आरती में जयकारे गूंजेंगे भक्तों लगाएंगे जयकारे उमड़ेंगे भक्तों का भीड़ पूरे नवरात्र में भक्तिमय वाता वरण महौल बने रहेगा।22सितंबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हुआ। गांव के गुड़ी चौंक डीहपारा शिवलिंग मंदिर के पास रंगमंच में विराजित जगत जननी दुर्गा माता का प्रतिमा स्थापित किया गया है।करंजपारा बरगद पेड़ के नीचे करंजपारा मोहल्ला के तालाब के समीप शीतला चौंक सूतियापारा मोहल्ला तालाब पार महामाया मंदिर में आस्था के साथ ज्योत प्रज्वलित किया गया है।

गुड़ी चौंक के आचार्य भूपेंद्र कुमार दूबे, सर्वानी वाले मुख्य यजमान नारायण जायसवाल, बिरस बाई जायसवाल, बैगा लेखू केवट, समिति के अध्यक्ष कुंजबिहारी जायसवाल, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार साहू, समिति के सदस्य पंकज कुमार साहू, महेंद्र सिंह पैंकरा, हेमंत कुमार साहू, रोहित वर्मा, अनुप कुमार वर्मा, मोगेंद्र कुमार वर्मा, हर प्रसाद वर्मा, भोलराम वर्मा, परमेश्वर वर्मा, विरेंद्र कुमार वर्मा, सहित समस्त मोहल्लावासी भक्तगण दुर्गा पूजा में सम्मिलित हुए थे।



लवन । मामीमन तालाब चौक लवन ।


लवन । चांदनी चौक लवन।


लवन । कीर्तन भवन चौक लवन।


लवन । नल्ली चौक लवन।

## संडी बंगला में जगमगाए आस्था के 160 दीप





**संडी बंगला** । ग्राम संडी बंगला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक आस्था और श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप 160 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की जगमगाहट से पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया। वहीं युगल किशोर वर्मा दीप प्रज्वलित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। श्री वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कहा कि नवरात्रि का प्रत्येक दिन शक्ति, भक्ति और साधना का प्रतीक है उन्होंने माता रानी के चरणों में नमन करते हुए कहा कि माता की महिमा अपरंपार है और उनका आशीर्वाद ही जीवन में ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार करता है।

ग्रामीणों ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर माँ दुर्गा से सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की। आस्था से सराबोर इस आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दीपों की कतारों से पूरा स्थल रोशनी से आलोकित हो उठा। इस अवसर युगल किशोर वर्मा, रामचरण यादव, कुणाल वर्मा, विक्की वर्मा, सतीश वर्मा, निलेश वर्मा, करण पटेल तारा चंद साहू एवं बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु एकत्रित हुए और सभी ने दीप प्रज्वलन कर माता रानी से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की।

## अंचल में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा


**हिरमी रावन ।** अंचल के हिरमी मोहरा बरडीह भालेसुर, मुसवाडीह सहित आसपास की गावों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है वही ग्राम मोहरा के गुड़ी चौक पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा इस वर्ष भी भक्तों और दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। हर साल की तरह इस बार भी प्रतिमा अपनी अद्भुत भव्यता, सूक्ष्म कारीगरी और कलात्मक अंदाज के लिए विशेष पहचान बना रही है।



नवरात्रि पर्व के अवसर पर यहां एक अलग ही आलौकिक और श्रद्धा मय वातावरण देखने को मिल रहा है। दूर-दराज गांवों और कस्बों से श्रद्धालु यहां माता रानी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रहती है, जिनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल हैं। आयोजकों का कहना है कि इस वर्ष देवी प्रतिमा की सजावट और मंडप की अलंकरण व्यवस्था पहले से भी अधिक आकर्षक बनाई गई है, ताकि श्रद्धालु भक्ति के साथ-साथ कला और संस्कृति का भी अनुभव कर सकें। नवरात्रि के दौरान यहां विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसने उत्सव की रौनक और बढ़ा दी है। भजन संध्या, नृत्य प्रस्तुतियां जैसे कार्यक्रम श्रद्धालुओं का मन मोह रहे हैं। साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत करता है। ग्रामवासियों के सहयोग और उत्साह से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि भक्तगण शांति और सुरक्षित माहौल में माता रानी के दर्शन कर सकें।


लवन । ठाकुर देव चौक लवन।


अर्जुनी। रामसागर पारा टोनाटार


अर्जुनी। बजरंग चौक टोनाटार ।


अर्जुनी। जन्नत ग्रुप टोनाटार

## पेज 11 के शेष

### अक्षरधाम की थीम...

दर्शन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित दीनदयाल शास्त्री एवं ब्राह्मण टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा की स्थापना की। देर रात भव्य महा आरती के दौरान पूरा पंडाल श्रद्धा और भक्ति में सराबोर रहा।

### वीर अभिमन्यु नाटक...

तीरो से अभिमन्यु को छलनी कर देने का सीन लोगो को बांधकर रखा। अभिमन्यु के पात्र मे आदित्य जोशी ने कमाल का संवाद और अभिनय का प्रदर्शन किया। वीर अभिमन्यु के पात्रों में नजर आए श्रीकृष्ण आयुष तिवारी, अर्जुन लव शर्मा , द्रोणाचार्य वैभव तिवारी, अभिमन्यु आदित्य जोशी, युधिष्ठिर जय मल, नकुल लक्ष्य चौरसिया, सहदेव रौशन जैन, भीम सुयश गब्बर शर्मा, दुर्योधन अभि अग्रवाल, दुःशासन श्याम मल, जयद्रथ आदित्य सोनी, शकुनि काव्यांश शर्मा, शल्य नमन मल, कर्ण निलेश मल, अश्वत्थामा मुकुल शर्मा, उत्तरा शुभ केशरवानी, सुभद्रा धरमपाल सोनी एवं मुकेश, कृपांश, कार्तिक पांडे, आकर्ष जैसे बाल कलाकारो ने भुमिका निभाई। आदर्श रामलीला नाटक मंडली प्रारंभ गणेश पूजन एवं मुकुट पूजन अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। सत्यनारायण जोशी संरक्षक मंडल के सदस्य के द्वारा पुजन यजमान बन कार्यक्रम पूर्ण कराया गया।

### 60 लीटर अवैध...

का माध्यम बनी है, बल्कि इससे अपराधियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर नागरिक व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से सूचना साझा कर सकते हैं>

### महानदी में मछुआर...

40 फीट गड्ढे में पैर फिसलने से गिर गया है जिससे वह तैर नहीं पाया और डूबने से उसकी मौत हो गई । फिलहाल मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी गई है और आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### विश्व ओजोन दिवस पर अल्ट्राटेक रावन का जागरुकता कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चुचरुंगपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग के सुनील त्रिपाठी ने बताया कि ओजोन परत पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। इसके क्षतिग्रस्त होने से मानव स्वास्थ्य, पशु-पक्षियों और फसलों पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने पर जोर दिया। प्रतिभागियों को ऊर्जा की बचत, अधिक पेड़ लगाने और प्लास्टिक का कम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 184 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार गेंड्रे, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति, अदिति साहू, जानकी यादव एवं हेमलता ध्रुव सहित पर्यावरण विभाग की टीम उपस्थित रही।

## निधन

### डॉ रामकुमार नायक



**बंगोली।** ग्राम धनसुली निवासी डॉ रामकुमार नायक 74 वर्ष का आकस्मिक निधन दिनॉक 22 सितम्बर दिन सोमवार को हो गया ,जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम मे किया गया। अंतिम यात्रा मे स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल रहे। वे जनकदुलारी नायक के पति, अभिषेक नायक, राहुल नायक, आस्था, आकॉक्षा, अंत्या व अभया नायक के पिता थे तथा पुष्कर नायक के अग्रज थे।

### गैंदी बाई वर्मा



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी गैंदी बाई वर्मा पति स्व. सुकालू राम वर्मा 80 वर्ष का आकस्मिक निधन 23 सितंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा मे स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल रहे। वो स्व.भूषण वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, रमेश (बल्ला) वर्मा तथा चंद्रीका वर्मा का माता थीं तथा लक्की वर्मा, ओंकार वर्मा, रिंकू वर्मा, लता वर्मा की दादी थीं।

## अंचल में दुर्गोत्सव ...


बंगोली। नवयुवक दुर्गोत्सव पंचायत चौक


बंगोली। बाल दुर्गोत्सव धरसा पाराष


बंगोली। नवयुवक दुर्गोत्सव डबरा चौक।


बंगोल। नवदुर्गोत्सव समिति गोवर्धन चौक।

### इस बार 10 दिन का नवरात्र, पहले दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

# शक्ति आराधना का महापर्व जयकारों से गूंजा मां का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

शारदेय नवरात्र पर्व की शुरुआत सोमवार से पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गई है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। जगत जननी मां दुर्गा के स्वागत में भव्य पंडाल सजकर तैयार हैं और प्रथम दिन घटस्थापना के साथ ही शक्ति की उपासना का यह महापर्व पूरे जिले में भक्ति के रंग में रंग गया। शहर के प्रमुख चौराहों, गलियों और मोहल्लों में भव्य पंडालों में देवी दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धा के साथ स्थापित की गई हैं। विधिपूर्वक पूजन के साथ-साथ सुबह से ही आरती और देवी गीतों की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना रही है।



भक्तजन बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए पंडालों और मंदिरों का रुख करते दिखाई दिए। वही ग्रामीण अंचलों की बात करे तो नवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। युवाओं ने गरबा की रिहर्सल शुरू कर दी है, वहीं महिलाएं भजन मंडलियों के साथ मंदिरों में भक्ति रस घोल रही हैं। देवी चौकी और जागरण की तैयारियों ने गांव-गांव में पर्व की रौनक को बढ़ा दिया है। बता दे आज 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा आमतौर पर नवरात्र का पर्व 9 दिन तक मनाया जाता है, लेकिन इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने के कारण 10 दिन तक नवरात्रा मनाया जाएगा, शुभ मुहूर्त में सुबह से ही घरों में घट स्थापना की हुई, नवरात्र के पहले दिन घट व कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है, माना जाता है कि कलश स्थापना से घर में देवी का आगमन होता है और देवी मां अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं।

**आकर्षण का केंद्र:**

तिहासिक शक्ति पीठ मां महामाया मंदिर एक बार फिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन गया है। मंदिर परिसर के बाहर विशाल मेला लग चुका है जिसमें प्रसाद सामग्री, मिट्टी के दीप, सजावटी वस्तुएं, खिलौने, खानपान के स्टॉल और और बच्चों के झूले मुख्य आकर्षण हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था के किए गए पुख्ता इंतजाम** : प्रशासन की ओर से यहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। दर्शन व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए बेरिकेड्स और लाइन मार्किंग की गई है। सोमवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का दर्शन के लिए तांता लग रहा, सुबह 4:00 पट खुलने के साथ ही महिलाओं बुजुर्गों एवं बुजुर्गों एवं युवाओं में माता रानी के दर्शन के लिए उत्साह देखने को मिला।

**महामाया मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम**



## टोनाटार में सात जगहों पर विराजमान हुई मां दुर्गा



**अर्जुनी।** शक्ति की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना घट स्थापना मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित एवं आदि शक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया है। नवरात्र पर्व प्रारंभ होने के साथ अंचल के देवी मंदिरों में आस्था और विश्वास के मनोकामना ज्योति कलश जगमगाने लगे हैं। वही दुर्गोत्सव समितियो के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद तैयार किए गए भव्य पंडालो में दुर्गा प्रतिमाए भी स्थापित की गई।गौरतलब है कि सोमवार 22 सितंबर से क्वांर नवरात्र का पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ प्रारंभ हो गए हैं। अंचल के टोपा मिरगी पुरेना खम्हरिया गोढ़ी मोपर खैरताल मल्दी भद्रापाली सहित कई गांवों में नवरात्रि की धूम मची हुई है जिससे गांवो का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इसी तरह ग्राम पंचायत टोनाटार में इस वर्ष 07 जगहों पर शक्ति की भक्ति का पर्व शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन 22 सितंबर को पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गा अपने पंडाल में विराजमान हुई। वही गांव के महामाया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित कराई गई है। नारंतक यादव, ईश्वर प्रसाद रजक, विष्णु कोसले, चिंतामणि जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, रामकुमार जायसवाल, कुलेश्वर वर्मा, सहदेव रजक, मेघु रजक, रूपनारायण रजक, टोकेश्वर ध्रुव ने बताया कि टोनाटार में इस वर्ष गुड्डी चौक, जन्नत ग्रुप अमली पारा, रामसागर पारा बगदईन चौक, डिपरापारा एवं बजरंग चौक सहित 07 जगहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा को विराजित की गई है। वही गांव के प्रसिद्ध महामाया मंदिर में 23 श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं। आदिशक्ति मां दुर्गा की पंडालो को आकर्षक रूप से लाइट झालर चिकमिकी के साथ सजाया गया है। रात्रि में माता के दरबार में माता जस गीत का आनंद लेने बड़ी संख्या में महिला पुरुष पहुंच रहे हैं। जिससे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

## श्रद्धा के साथ हुई मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना



**सेल।** निर्मल ग्राम पंचायत में बैजनाथ पंचायत में शारदीय पर्व नवरात्रि पर्व पूजा अर्चना कर दुर्गा माता माता मूर्तियां स्थापित किया गया है। श्रद्धा और उल्लास के साथ मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना ग्राम बैजनाथ पंचायत में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। प्रथम नवरात्रि पर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मां दुर्गा समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की और विधि विधान से पूजा आरंभ किया।सुबह से ही गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा।

भक्तों ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए और माता के चरणों में नारियल, चुनरी व पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि नवरात्रि का यह पर्व सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नौ दिनों तक प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, प्रवचन और शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। समिति के सचिव ने जानकारी दी कि भक्तों की सुविधा के लिए भव्य पंडाल और सुंदर सजावट की गई है। साथ ही सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से दर्शन कर सकें।

गांव के युवा महिलाएं और बच्चे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रथम नवरात्रि का यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक बना हुआ है।

## पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा की मूर्ति की हुई स्थापना

**खरोरा।** नवरात्रि पर्व के शुभारंभ पर सोमवार को क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई। आसपास के गांवों में धार्मिक उल्लास और आस्था का संगम देखने को मिला। मंदिरों से लेकर पंडालों तक जय माता दी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। सुबह से ही श्रद्धालुजन साफ-सफाई एवं पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। मुख्य पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चना कर मूर्ति स्थापना की गई। स्थापना के पश्चात भक्तों ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि, शांति और समाज की उन्नति की कामना किया। इस अवसर पर कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन भी किया गया। नवरात्रि पर्व के दौरान नौ दिनों तक विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दिन सुबह और शाम आरती, भजन, कीर्तन एवं देवी पाठ का आयोजन होगा। स्थानीय युवाओं ने गरबा और डांडिया की भी विशेष तैयारियां की हैं, जो शाम को भक्तिमय वातावरण में आकर्षण का केंद्र बनेगी। युवा वर्ग जहां सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है, वहीं बुजुर्ग और महिलाएं धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं।




मूरा। मॉं चण्डी दुर्गोत्सव बाजार चौक।


मूरा। नवयुवक दुर्गोत्सव बजरंग चौक।


मूरा। मॉं महामाया दुर्गोत्सव पोराभॉंठा।


मूरा। मॉं बम्लेश्वरी दुर्गोत्सव मौंहाभाठा।


मूरा। ऊँ शॉंति दुर्गोत्सव बस्तीपारा।


मूरा। नवयुवक दुर्गोत्सव पत्थर खदान पारा।


मूरा। ओम शॉंति दुर्गोत्सव गोवर्धन चौक


अर्जुनी| डिपरा पारा टोनाटार







